# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

Follow us on

23 July 2023



**B.N. Dubey**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam


Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

## 23 जुलाई का इतिहास

- **1555 :** सरहिंद में सिकन्दर सूरी को हराकर मुगल शासक हुमायूं दिल्ली पहुंचा।
- **1877 :** हवाई में पहली टेलीफोन और टेलीग्राफ लाइन बिछायी गई
- **1903 :** मोटर कंपनी फोर्ड ने अपनी पहली कार बेची।
- **1927 :** भारत में नियमित रेडियो प्रसारण की शुरूआत मुंबई से हुई
- **1881 :** अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक संघ ने खेल परिसंघ की स्थापना की। यह विश्व का सबसे पुराना खेल परिसंघ हैं।
- **1906 :** प्रसिद्ध क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म हुआ।

## 23 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में सीआरसीएस सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल का उद्देश्य सहारा समूह से जुड़े करोड़ों जमाकर्ताओं को अपना पैसा वापस लेने में मदद करना है।
- भारत नई दिल्ली में वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2023 की मेजबानी की। यह शिखर सम्मेलन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया। यह शिखर सम्मेलन पहली बार रोम, इटली से बाहर आयोजित किया जा रहा हैं। एक कॉमन डिजिटल डैशबोर्ड भी लॉन्च किया गया। यह भोजन संबंध नियमों और मानदंडों के लिए एक एकीकृत पोर्टल के रूप में कार्य करेगा।
- भारत, अमेरिका विज्ञान और प्रोद्योगिकी फोरम और अमेरिका-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी दान कोष के सचिवालय ने कार्यक्रम डिजाइन किया हैं। अमेरिकी ऊर्जा विभाग की सचिव सुश्री जेनिफर एम.ग्रैनहोम ने केंद्रीय राज्य मंत्री विज्ञान और प्रोद्योगिकी डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकता की। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से यूएसआईएसटीईएफ आशाजनक संयुक्त अमेरिकी और भारत प्रौद्योगिकी नवाचार और उद्यमशीलता पहलों का चयन करता है।
- आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर टी प्रदीप ने नैनोस्केल सामग्रियों का उपयोग करके किफायती और सतत स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के अपने काम के लिए एनी पुरस्कार जीता हैं। उनका काम पानी से जहरीले प्रदूषकों को हटाने के लिए लागत प्रभावी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने पर केंद्रित हैं। इटली के राष्ट्रपति प्रोफेसर थलप्पिल प्रदीप को यह पुरस्कार प्रदान करेंगे।
- केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ में दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्धघाटन किया। 3300 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश पर परियोजनाओं का उद्धघाटन किया गया हैं। उद्धघाटन की गई परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर लखनऊ, सीतापुर खंड का मडियाव आई. आई.एम. शामिल हैं। इससे लखनऊ से सीतापुर तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।
- विदेश व्यापार महानिदेशालय ने विदेश व्यापान नीति के तहत अग्रिम प्राधिकरण योजना लागू की। अग्रिम प्राधिकरण योजना निर्यात उद्देश्यों के लिए इनपुट के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देती हैं। इनपुट की पात्रता इनपुट आउटपुट मानदंडों के आधार पर क्षेत्र विशेष मानक समितियों द्वारा तय की जाएगी। डीजीएफटी ने मानदंड निर्धारण प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए तदर्थ मानदंडों का एक उपयोगकर्ता अनुकूल डेटाबेस बनाया हैं। इन मानकों का उपयोग किसी भी निर्यातक द्वारा विदेश व्यापार नीति 2023 में उल्लिखित मानक समिति की समीक्षा की आवश्यकता के बिना भी किया जा सकता है।
- जुलाई के मध्य में चीन में तापमान 52.2C के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। शिनजियांग क्षेत्र के सानबाओ गांव में 52.2C डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया हैं। जलवायु विशेषज्ञों के अनुसार, दीर्घकालिक ग्लोबल वार्मिग को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर रखने का लक्ष्य पहुंच से दूर होता जा रहा हैं।
- नीति आयोग ने तकनीकी वाणिज्यिक तैयारी और बाजार परिपक्वता मैट्रिक्स फ्रेमवर्क लॉन्च किया। इसका मकसद भारत में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना हैं। यह एक अग्रणी मूल्यांकन उपकरण है, जिसे नीति कार्ययोजना पत्र श्रृंखला के तहत जारी किया गया हैं। इसे प्रौद्योगिकी मूल्यांकन में क्रांति लाने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा भारत में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए डिजाइन किया गया है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने डिप्थीरिया, पर्टुसिस और टिटनेस 3 टीकाकरण कवरेज पर आंकड़े जारी किये। यह आंकड़े राष्ट्रीय टीकाकरण कवरेज 2022 के तहत जारी किये गए हैं। इसके मुताबिक भारत ने 2022 में 93% डिप्थीरिया पर्टुसिस और टिटनेस टीकाकरण कवरेज का उच्चतम स्तर दर्ज किया है।
- आंध्रप्रदेश सरकार द्वारा राज्य के चिन्हित जल निकायों में एक करोड़ गम्बूसिया मछली छोड़ी गई है। इसका उद्देश्य मलेरिया, डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों से निपटना व नियंत्रित करना हैं। राज्य में बढ़ते मलेरिया के मामलों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया हैं। इस मछली को मॉस्क्टिोफिश भी कहा जाता हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में कौन अक्टूबर 2023 में अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी आयोजित करेगा ?**

(A) जर्मनी (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) दक्षिण कोरिया (D) अमेरिका

**(C)** दक्षिण कोरिया अक्टूबर 2023 में अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी आयोजित करेगा। उन्नत सैन्य हार्डवेयर और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए दक्षिण कोरिया 17 अक्टूबर को सियोल अंतर्राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी की मेजबानी करेगा। प्रदर्शनी में 35 देशों की 550 कंपनियां शामिल होंगी, जो इसे आयोजन का अब तक का सबसे बड़ा संस्करण बना देगी।



**2. हाल ही में लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए कितने विपक्षी दलों ने इंडिया का गठन किया है ?**

(A) 11 (B) 18
(C) 26 (D) 30

**(C)** लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 26 विपक्षी दलों ने इंडिया का गठन किया हैं। बेंगलुरू में विपक्षी दलों की बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन एनडीए से मुकाबला करेगा।




**3. हाल ही में किस बैंक ने इस वितीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.4% रखा है ?**

(A) ADB (B) SBI
(C) DCB (D) RBI

**(A)** एडीबी ने कहा कि वित वर्ष 2024 में भारत की विकास दर 6.7% रहने की उम्मीद हैं। एशियन डेवलपमेंट आउटलुक के अपडेट में एडीबी ने इस वितीय वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर 4.9 कर दिया हैं। 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2% बढ़ी। इस वितीय वर्ष में ग्रामीण और शहरी दोनों मांग में वृद्धि के साथ भारत में उपभोग मांग में सुधार होगा।

ADB
ASIAN DEVELOPMENT BANK

**4. हाल ही में जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2023 भारत को कौनसा स्थान दिया गया है?**

(A) 50वां (B) 69वां
(C) 80वां (D) 100वां

**(C)** हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2023 में भारत की रैंक 87 से 80 हो गई हैं। भारतीय बिना वीजा के 57 गंतव्यों की यात्रा कर सकते हैं। दुनिया में सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट का दावा करने के मामले में सिंगापुर ने जापान को पीछे छोड़ दिया हैं। सिंगापुर पासपोर्ट धारकों को दुनिया के 227 गंतव्यों में से 192 स्थानों पर वीजा मुक्त प्रवेश की अनुमति देता है।




**5. हाल ही में बैडमिंटन के किस खिलाड़ी ने सबसे तेज प्रदर्शन कर गिनीज वर्ल्ड का रिकॉर्ड तोड़ा है ?**

(A) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (B) चिराग शेट्टी
(C) टैन बून हेओंग (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने चल रहे कोरिया ओपन 2023 में बैडमिंटन में एक पुरूष खिलाडी द्वारा सबसे तेज हिट के लिए एक नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मई 2013 में मलेशियाई खिलाड़ी टैन बून हेओंग द्वारा स्थापित एक दशक लंबे रिकॉर्ड को पार करते हुए 656 किमी/घंटा की आश्चर्यजनक गति तक पहुंच गई।



BABA PSYCHO

BABA PSYCHO

**6. हाल ही में जो बाइडेन ने किस भारतीय अमेरिकी को राष्ट्रपति की निर्यात परिषद में नियुक्त किया है ?**

(A) वृंदा ग्रोवर (B) शमीना सिंह

(C) इरिना घोष (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी बिजनेस लीडर शमीना सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं। उन्हें राष्ट्रपति निर्यात परिषदउ के लिए चुना गया हैं। यह परिषद अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के संबंध में प्रमुख राष्ट्रीय सलाहकार समिति के रूप में कार्य करती हैं।



**7. हाल ही में किसने ए फूल्स जर्नी नामक पुस्तक लिखी है ?**

(A) सारिका भारद्वाज (B) अंकित खेमका

(C) सुधा पई (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** लेखिका और आध्यात्मिक कोच सारिका भारद्वाज ने अपनी ए फूल जर्नी किताब लॉन्च की। ए फूल जर्नी, नोशन प्रेस और ओरिएंट डिजिटल मीडिया द्वारा प्रकाशित की गई हैं। ए फूल्स जर्नी एक मनोरम नॉन फिक्शन कृति है, जो सारिका भारद्वाज द्वारा लिखित आत्म खोज और जीवन में उद्देश्य की खोज की गहराई में उतरती हैं।




**8. हाल ही में किस देश में स्थित लूव्र संग्रहालय चर्चा में रहा है ?**

(A) जर्मनी (B) जापान

(C) यूएई (D) फ्रांस

**(D)** लूव्र संग्रहालय पेरिस नगर में स्थित संसार के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक हैं। विश्व में सर्वाधिक दर्शक इसी संग्रहालय को देखने आते हैं। यह एक ऐतिहासिक संग्रहालय भी है क्योंकि इसमें प्रागैतिहासिक काल से लेकर उन्नीसवीं सदी तक की वस्तुएं संग्रहीत हैं।



**9. हाल ही में किस राज्य के गोपालपुर बंदरगाह ने कार्गो हैंडलिंग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है ?**

(A) ओडिशा (B) केरल

(C) मध्यप्रदेश (D) पंजाब

**(A)** गोपालपुर बंदरगाह, चौबीसों घंटे संचालन के साथ ओडिशा राज्य का सबसे गहरा सभी मौसम में चलने वाला बंदरगाह है, जिसने अपनी स्थापना के बाद से मैन्युअल रूप से लौह अयस्क गांठों की सबसे तेज लोडिंग हासिल की हैं। गोपालपुर, बंदरगाह ने मेसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील द्वारा नामांकित जहाज एमवी रीची स्प्रिंग पर 24 घंटे में 59,150 मीट्रिक टन की अब तक की सबसे अधिक लौह अयस्क गांठ कार्गो लोडिंग हासिल करके इतिहास रचा।



**10. हाल ही में कहां कारकिदका वावु बाली समारोह हुआ है ?**

(A) बिहार (B) राजस्थान

(C) केरल (D) गुजरात

**(C)** केरल में हजारों श्रद्धालु कारकिदका वावु बाली समारोह में भाग लेने के लिए केरल के स्नान घाटों और मंदिरो में उमड़ पड़े। कार्किडका वावु बाली एक अनुष्ठान है, जिसका पालन भक्त अपने परिवार के दिवंगत पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए करते हैं। उपासकों के लिए पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य में विशेष व्यवस्थाएं की गई।

